**विधान परिषद् के तृतीय सत्र 2024 के प्रथम सोमवार हेतु निर्धारित श्री राज बहादुर सिंह चन्देल, मा0 सदस्य विधान परिषद् द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-18 का उत्तर**

| क्र0 | प्रश्न | उत्तर |
| --- | --- | --- |
| 18(क) | क्या वित्त मंत्री बतायेंगे कि कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक, कानपुर नगर, उन्नाव में लेखा संगठन के अन्तर्गत वित्त एवं लेखाधिकारी, लेखाकारों के कुल कितने पद दिनांक 31.07.2024 तक रिक्त है? | (क) जी जहां। कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक, कानपुर नगर एवं कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक, उन्नाव में वित्त एवं लेखाधिकारी तथा लेखाकारों के वर्तमान में कुल 05 पद रिक्त हैं। |
| (ख) | उक्त का विवरण जनपदवार क्या है तथा जनहित में रिक्त पदों पर तैनाती कब तक करायेंगे? | (ख) कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक, कानपुर नगर एवं कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक, उन्नाव में वित्त एवं लेखाधिकारी के कुल 02 पद सृजित हैं, जो सम्प्रति रिक्त हैं। कोषागार निदेशालय के आदेश दिनांक 13.08.2024 द्वारा वित्त एवं लेखाधिकारी, कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक, कानपुर नगर का अतिरिक्त प्रभार श्री अजय आनन्द, वित्त एवं लेखाधिकारी, कार्यालय संयुक्त निदेशक, कृषि कानपुर मण्डल, कानपुर को प्रदान किया गया है। कोषागार निदेशालय के आदेश दिनांक 02.09.2024 द्वारा वरिष्ठ कोषाधिकारी, उन्नाव को वित्त एवं लेखाधिकारी, कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक, उन्नाव का अतिरिक्त प्रभार प्रदान किया गया है।<br>कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक, कानपुर नगर में लेखाकार के 03 पद सृजित हैं, जिनमें सम्प्रति 02 पद रिक्त हैं। कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक, उन्नाव में लेखाकार के 02 पद सृजित हैं, जिनमें सम्प्रति 01 पद रिक्त है। रिक्त पदों पर वित्त एवं लेखाधिकारी तथा लेखाकारों की तैनाती उनकी उपलब्धता पर निर्भर है। |

**सुरेश कुमार खन्ना**
**मंत्री**